वर्ष 30 अंक 104
Pages 12
Bareilly, Tuesday,
25 December 2018
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City.- ₹ 2/-
Outside Bareilly City.- ₹ 3/-

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 04 : TOP RIGHT

एसआरएमएस में हुई एलुमिनाई मीट

» इलिक्सिर विषय पर आयोजित हुए एलुमिनाई मीट में देश-विदेश से स्टूडेंट्स ने लिया भाग

पूर्व स्टूडेंट्स ने साझा किए अनुभव.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (24 Dec): श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (फार्मेसी) में फार्म इलिक्सिर विषय पर चल रहे दो दिवसीय एलुमिनाई मीट का मंडे को समापन हो गया. दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन देवमूर्ति ने दीप प्रज्जवलित कर किया. संस्था के एडमिनिस्ट्रेटर ई. सुभाष मेहरा ने सभी एल्यूमनाई और मौजूद स्टूडेंट्स के लिए महत्वपूर्ण बातें बताई.

10 वर्ष के एलुमिनाई ने लिया हिस्सा

एलुमिनाई मीट में देश-विदेश से बैच 2000 से 2010 के एल्युमनाई को आमंत्रित किया गया. कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी एल्यूमनाई ने अपना परिचय दिया और पुरानी यादों को संस्था की वीडियो क्लिप देखकर ताजा किया. कार्यक्रम में भविष्य के फार्मेसी क्षेत्र में होने वाले विकास और विस्तार में स्टूडेंट्स के योगदान पर चर्चा हुई. इस मौके पर चेयरमैन देवमूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, अनुज कुमार व डॉ.प्रभाकर गुप्ता और डॉ. ललित सिंह आदि मौजूद रहे.